Title: Request the Government to adopt a comprehensive population control policy after taking into confidence of all political parties.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण समस्या जिसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है, उस तरफ दिलाना चाहता हूं और वह है बढ़ती हुई जनसंख्या। उत्पादन तो बढ़ रहा है- १, २, ३, ४, ५, ६, ७ और जनसंख्या बढ़ रही है- २, ४, ८, १६, ३२, ६४, १२८ - परिणाम स्वरूप आजादी के बाद नौवीं पंचवर्षीय योजना में हम प्रवेश कर रहे हैं। इसके बावजूद विकास का लाभ आम जनता को जितना मिलना चाहिए उतना नहीं मिल रहा है। इसलिए मेरी भारत सरकार से प्रार्थना है कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाकर एक नीति तैयार की जाए इससे आने वाली शताब्दी से पहले-पहले हम जनसंख्या पर नियंत्रण प्राप्त करने के कुछ ऐसे उपाय लागू कर सकें जिससे बढ़ती हुई जनसंख्या को रोका जा सके और विकास का लाभ आम जनता को मिल सके अन्यथा मक्खी-मच्छरों की तरह जो भीड़तंत्र बढ़ रहा है और नाना प्रकार के अपराध बढ़ रहे हैं, ये सब बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण है। इसलिए बढ़ती हुई जनसंख्या पर नियंत्रण प्राप्त करने के लिए मेरी भारत सरकार से प्रार्थना है कि कठोर कदम उठाए जाएं और सारे राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर ऐसी नीति तय की जाए ताकि हम बढ़ती हुई जनसंख्या के ऊपर प्रभावी ढंग से नियंत्रण प्राप्त कर सकें।

&nbs